यूथरेडक्रास सोसायटी वार्षिक प्रतिवेदन

2018–19

यूथरेडक्रास सोसायटी की नियमित गतिविधियों के अंतर्गत वर्ष 2018–19 में निम्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

1. दिनांक 21 जून 2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथरेडक्रास के संयुक्त तत्वधान में योग शिविर का आयोजन किया गया।
2. महाविद्यालय परिसर को हरा भरा रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 7 अगस्त 2018 को पौधारोपण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं, कर्मचारियों अधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा पौधारोपण किया गया।
3. दिनांक 13 अगस्त 2018 को उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें यूथरेडक्रास की स्थापना एवं उद्देश्य की जानकारी प्रदान की गई एवं छात्रों को यूथरेडक्रास की गतिविधियों में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया।
4. दिनांक 24 अगस्त 2018 को वर्षा जल संग्रहण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया इसमें नदियों के पानी को सहेजने पर जोर दिया गया गिरता भू जल स्तर चिंताजनक है जल संरक्षण पर जोर दिया गया।
5. दिनांक 8 सितम्बर 2018 को सिकलसेल एवं थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता लाने एवं इन लोगों की मदद हेतु थैलेसीमिया सिकलसेल पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इन बीमारियों को रोकने हेतु विवाह पूर्व सिकलिन एवं थैलेसिमिया जांच को आवश्यक बताया गया।
6. दिनांक 4 अक्टूबर 2018 को एनीमिया पर व्याख्यान आयोजित किया गया। शरीर में खून की कमी होने पर क्या दुष्प्रभाव पड़ता है एवं हीमोग्लोबिन की मात्रा कैसे बढ़ायी जा सकती है इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।
7. 1 दिसबंर 2018 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एड्स क्या है इसका फैलाव कैसे हाता है एवं इस पर प्रभावी नियंत्रण कैसे रखा जा सकता है इस पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं बैनर के माध्यम से संदेश दिया गया।
8. दिनांक 14 दिसबंर 2018 को नेत्रदान हेतु छात्रों को प्रेरित करने हेतु नेत्रदान का प्रचार प्रसार किया गया। भारत में नेत्रदान के प्रति जागरूकता नहीं दिखायी देती है नेत्रदान कर जरूरतमंद को रोशनी का उपहार दिया जा सकता है। बैनर के माध्यम से प्रचार किया गया।
9. दिनांक 8 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर ग्राम नवागांव हथनी में यूथरेडक्रास सोसायटी द्वारा शिविर में छात्रों को फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिविरार्थी छात्र के साथ प्राध्यापकगण उपस्थित थे।
10. दिनांक 10 जनवरी 2019 को नशा मुक्ति, तम्बाखू, सिगरेट, शराब से दूर रहने का आहवान करते हुए बैनर के माध्यम से इनसे दूर रहने का संदेश दिया गया।
11. दिनांक 2 फरवरी 2019 को यूथरेडक्रास की वार्षिक गतिविधियों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें यूथरेडक्रास की गतिविधियों में भागीदारी निभाने वाले छात्र/छात्राओं का पुरस्कृत किया गया।

संजय कुमार अग्रवाल
प्रभारी
यूथरेडक्रास सोसायटी
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय
बिल्हा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)